भारत में मासिक धर्म स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने संबंधी अंतरराष्ट्रीय रणनीति सह-निर्माण कार्यशाला में BIS की सहभागिता पर रिपोर्ट

भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के वस्त्र विभाग ने “Strengthening India’s Menstrual Health Ecosystem: Advancing Structural Access” विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय रणनीति सह-निर्माण कार्यशाला में सहभागिता की। इस कार्यशाला का आयोजन PATH, Sanitation and Hygiene Fund (SHF) तथा Menstrual Health Action for Impact (MHAI) के समन्वय से 07–08 सितंबर 2026 को The Leela Palace Hotel, नई दिल्ली में किया गया। कार्यशाला में सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों, दाताओं तथा विकास भागीदारों सहित विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य भारत में मासिक धर्म स्वास्थ्य उत्पादों के पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना था। BIS की ओर से श्री J. K. Gupta, Scientist F एवं Head (Textiles) तथा श्री Amit Pandey, Scientist B/Assistant Director (Textiles) ने सहभागिता की।

07 सितंबर 2026 को आयोजित कार्यशाला के प्रथम दिवस में भारत में मासिक धर्म स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वास्थ्य बाजारों को सुदृढ़ करने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता, बाजार विकास का महत्व, मासिक धर्म स्वास्थ्य बाजार के परिदृश्य आकलन से प्राप्त निष्कर्ष, प्रणालीगत चुनौतियों की पहचान, वर्ष 2032 के लिए भारत के मासिक धर्म स्वास्थ्य बाजार की परिकल्पना तथा संभावित रणनीतिक हस्तक्षेपों की पहचान हेतु Intervention Laboratory पर विचार-विमर्श किया गया।

08 सितंबर 2026 को कार्यशाला के दूसरे दिन Closed Door Government Roundtable का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों को बाजार परिदृश्य आकलन और प्रथम दिवस की चर्चाओं से प्राप्त

निष्कर्षों पर विचार-विमर्श करने हेतु एक मंच प्रदान किया गया। राउंडटेबल में मासिक धर्म स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों एवं प्रणालीगत बाधाओं, प्रस्तावित वर्ष 2032 की परिकल्पना तथा सरकार, उद्योग और विकास भागीदारों के बीच समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर चर्चा की गई। चर्चा में मांग, आपूर्ति, विनिर्माण, गुणवत्ता, वितरण, नवाचार, नीति एवं विनियामक ढाँचे, वित्तपोषण तथा पहुंच से संबंधित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। सत्र में कार्यशाला से प्राप्त अंतर्दृष्टियों को व्यावहारिक कार्यों में परिवर्तित करने तथा भारत में मासिक धर्म स्वास्थ्य बाजार को सुदृढ़ करने के लिए समन्वित हस्तक्षेपों हेतु भूमिकाओं, साझेदारियों और अवसरों की पहचान करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

Expert Synthesis Session के दौरान श्री J. K. Gupta, Scientist F एवं Head (Textiles), BIS ने Indian Standards के माध्यम से मासिक धर्म उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा तथा conformity assessment को सुदृढ़ करने में BIS की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सत्र में TXD 36 – Technical Textiles for Medtech Application Sectional Committee द्वारा किए जा रहे मानकीकरण कार्यों, जिसमें IS 5405 : 2025, *Disposable Sanitary Napkin/Panty Liner/Period Panty — Specification*, तथा IS 17514 : 2025, *Reusable Sanitary Napkins/Sanitary Pads/Period Panty — Specification* शामिल हैं, की जानकारी दी गई। सामग्री की गुणवत्ता, प्रदर्शन, absorption, rewet, leakage resistance, pH, microbiological limits, phthalate content तथा biocompatibility से संबंधित आवश्यकताओं के साथ-साथ BIS conformity assessment तथा Medical Textiles (Quality Control) Order, 2023 की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान fluid simulation, testing infrastructure, supply-chain complexity, sanitation-system compatibility, product variety तथा regulatory clarity जैसी प्रमुख तकनीकी चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। MSMEs को सुविधा प्रदान करने हेतु BIS की विभिन्न पहलों, जैसे fast-track certification, marking fees

में concessions, technical relaxations तथा recognized/accredited laboratories तक पहुंच, के संबंध में भी जानकारी साझा की गई।

श्री Amit Pandey, Scientist B एवं Member Secretary (TXD 36) ने ISO/TC 338 – Menstrual Products के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण में भारत के नेतृत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के नेतृत्व में चल रही परियोजनाओं ISO/CD 25130 – Menstrual Products — General and Safety Requirements तथा ISO/CD 25071 – Menstrual Products — Terminology के संबंध में जानकारी दी तथा संबंधित Working Groups के भारत द्वारा convenorship का उल्लेख किया।

कार्यशाला में BIS की सहभागिता ने मासिक धर्म स्वास्थ्य उत्पादों के लिए भारत के standardization एवं conformity assessment framework को प्रस्तुत करने तथा गुणवत्ता, सुरक्षा, नवाचार और बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से BIS द्वारा की जा रही पहलों को साझा करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इस सहभागिता से सरकार, उद्योग तथा विकास भागीदारों के विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने तथा मासिक धर्म स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित तकनीकी, विनियामक एवं बाजार संबंधी चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त हुआ।

Report on BIS Participation in the International Strategy Co-Creation Workshop on "Strengthening India's Menstrual Health Ecosystem: Advancing Structural Access"

The Bureau of Indian Standards (BIS), through its Textiles Department, participated in the International Strategy Co-Creation Workshop on **"Strengthening India's Menstrual Health Ecosystem: Advancing Structural Access"**, organized by **PATH in coordination with the Sanitation and Hygiene Fund (SHF) and Menstrual Health Action for Impact (MHAI)** on **07 – 08 September 2026** at The Leela Palace Hotel, New Delhi. The workshop brought together stakeholders from government, industry, financial institutions, donors and development partners with the objective of strengthening the menstrual health product ecosystem in India. On behalf of BIS, **Shri J. K. Gupta, Scientist F & Head (Textiles)** and **Shri Amit Pandey, Scientist B/Assistant Director (Textiles)** attended the event.

The first day of the workshop, held on **07 September 2026**, was focused on strengthening the menstrual health ecosystem in India. The programme included discussions on the global commitment to strengthening menstrual health markets, the importance of market development, findings from the menstrual health market landscape assessment, identification of systemic challenges, visioning for India's menstrual health market in 2032 and an intervention laboratory to identify potential strategic interventions.

On **Day 2, A Closed Door Government Roundtable** was held on 08 September 2026, provided a platform for government representatives and stakeholders to deliberate upon the findings emerging from the landscape assessment and the discussions held on Day 1. The roundtable included discussions on the key challenges and systemic bottlenecks affecting the menstrual health ecosystem, reflections on the proposed 2032 vision, and the need for coordinated action among government, industry and development stakeholders. Discussions covered areas across demand, supply, manufacturing, quality, distribution, innovation, policy and regulatory frameworks, financing and access. The session also focused on translating the insights from the workshop into practical actions and defining roles, partnerships and opportunities for coordinated interventions to strengthen the menstrual health market in India.

During the **Expert Synthesis Session**, **Shri J. K. Gupta, Scientist F & Head (Textiles), BIS**, highlighted the role of BIS in strengthening quality, safety and conformity assessment of menstrual products through Indian Standards. The session covered the standardization activities of **TXD 36 – Technical Textiles for Medtech Application Sectional Committee**, including **IS 5405 : 2025**, *Disposable Sanitary Napkin/Panty Liner/Period Panty — Specification*, and **IS 17514 : 2025**, *Reusable Sanitary Napkins/Sanitary Pads/Period Panty — Specification*. The requirements relating to material quality, performance, absorption, rewet, leakage resistance, pH, microbiological limits, phthalate content and biocompatibility were highlighted, along with the role of BIS conformity assessment and the **Medical Textiles (Quality Control) Order, 2023**. Key technical challenges, including fluid simulation, testing infrastructure, supply-chain complexity, sanitation-system compatibility, product variety and regulatory clarity, were also discussed. BIS initiatives for facilitating MSMEs, such as fast-track certification, concessions in marking fees, technical relaxations and access to recognized/accredited laboratories, were also presented.

Shri Amit Pandey, Scientist B & Member Secretary (TXD 36) also highlighted India's leadership in international standardization through **ISO/TC 338 – Menstrual Products**, including the India-led projects **ISO/CD 25130 – Menstrual Products — General and Safety Requirements** and **ISO/CD 25071 – Menstrual Products — Terminology**, as well as India's convenorship of the respective working groups.

BIS participation in the workshop provided an important platform to present India's standardization and conformity assessment framework for menstrual health products and to share BIS initiatives aimed at supporting quality, safety, innovation and market access. The participation also facilitated interaction with government, industry and development

stakeholders and provided an opportunity to exchange views on the technical, regulatory and market-related challenges affecting the menstrual health ecosystem.

THANK YOU!